हिंदी दैनिक
**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 6 फरवरी 2025

## घातक शस्त्र के साथ आरोपी गिरफ्तार



**नागपुर.** सक्करदरा पुलिस ने राणी भोसले नगर झोपडपट्टी से एक आरोपी को घातक शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई पेट्रोलिंग के दौरान आरोपी शस्त्र लेकर लोगों को धमकाते पुलिस के हाथ लगा था।

गोपनीय जानकारी के आधार पर बिट मार्शल ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर आरोपी को पकड़ लिया और उसके पास से एक लोहे का सत्तूर बरामद किया। आरोपी की पहचान सोनू उर्फ कट्टर श्याम कोहले (27) राणी भोसले नगर झोपडपट्टी निवासी के रूप में हुई है।

आरोपी ने मनाही आदेश का उल्लंघन करते हुए घातक शस्त्र लेकर लोगों को धमकी दी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, और मामले की आगे की जांच जारी है



नागपुर से वनडे क्रिकेट श्रृंखला का होगा आगाज. -छायाचित्र: अकलेश भारद्वाज

# नागपुर वनडे में नए लुक में दिखेगी टीम इंडिया

### > जानें जर्सी में क्या हुआ बड़ा बदलाव



**नागपुर.**

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज़ के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी में एक बड़ा और गौरवपूर्ण बदलाव किया गया है। यह बदलाव भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए गर्व की बात होगी, क्योंकि इस नई जर्सी में अब भारतीय तिरंगे के रंगों को विशेष रूप से दर्शाया गया है।

भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज गुरुवार से शुरू होने जा रही है। नागपुर में होने वाले पहले मैच के लिए टीम इंडिया पूरी तरह से तैयार है। लेकिन इस बार टीम का लुक थोड़ा बदला हुआ नजर आएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों की जर्सी में जो महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, वे भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक खास संदेश देने वाले साबित हो सकते हैं।

भारतीय टीम की नई जर्सी के अगले और पिछले हिस्से में ज़्यादा बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, कंधे के हिस्से में खास बदलाव किया गया है। पहले की जर्सी में कंधे पर भगवा रंग और उसके साथ सफेद रंग की दो धारियां होती थीं। लेकिन इस नई जर्सी में भगवा रंग की जगह अब सीधे तिरंगे के रंगों को स्थान दिया गया है।

इस बदलाव में कंधे पर केसरिया, सफेद और हरा रंग प्रमुखता से नजर आता है। इसके साथ ही नीला रंग, जो अशोक चक्र का प्रतीक है, भी जर्सी का हिस्सा है। इस प्रकार टीम इंडिया की नई जर्सी अब भारतीय तिरंगे के रंगों से सजी हुई है। इस बदलाव से खिलाड़ियों में देशभक्ति का भाव और आत्मगौरव बढ़ने की उम्मीद है।

भारतीय टीम इस सीरीज़ के बाद चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए दुबई रवाना होगी। हालांकि, पहले यह प्रतियोगिता पाकिस्तान में आयोजित होने वाली थी, लेकिन भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मुकाबला बांग्लादेश से होगा। इसके बाद टीम का दूसरा मैच चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेला जाएगा, जो दर्शकों के लिए खास आकर्षण होगा। तीसरा मुकाबला भारत का न्यूज़ीलैंड के साथ होगा।

### नई जर्सी से नई उम्मीदें

बीसीसीआई का यह कदम खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए एक भावनात्मक जुड़ाव साबित हो सकता है। खिलाड़ियों के खांधों पर तिरंगे के रंगों की उपस्थिति मैदान पर उनकी ऊर्जा और जोश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि इस नई जर्सी के साथ टीम इंडिया न केवल इंग्लैंड के खिलाफ बल्कि चैंपियंस ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन करेगी।

## सहायक पुलिस निरीक्षक को 2 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**नागपुर.** नागपुर के कोराडी पुलिस थाने में तैनात एक सहायक पुलिस निरीक्षक को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अधिकारी ने शिकायतकर्ता के मामले को सेटल करने के बदले घूस की मांग की थी। एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर उसे थाने के अंदर ही रिश्वत लेते पकड़ा और अब आगे की जांच जारी है। एंटी करप्शन ब्यूरो नागपुर की टीम ने कोराडी पुलिस थाने में तैनात 43 वर्षीय सहायक पुलिस निरीक्षक प्रेमानंद दादाराव कात्रे को 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने और मामला सेटल करने के एवज में घूस की मांग की गई थी। आरोपी पुलिस अधिकारी प्रेमानंद कात्रे कोराडी पुलिस थाने के दुयम निरीक्षक का कार्यभार भी देख रहे थे। कोराडी पुलिस थाना अंतर्गत कावन गांव के पास तीन एकड़ जमीन को व्यक्ति ने बेचा था परंतु खरीदने वाले ने हेरा फेरी कर 4 एकड़ की रजिस्ट्री लगा ली थी। इसकी ही शिकायत व्यक्ति ने कोराडी पुलिस थाने में की थी।



## जोयोसेन टेक्नो-केमिकल कंपनी में लगी आग


**नागपुर.**

राष्ट्रीय महामार्ग पर स्थित बाजारगाव के खैरी परिसर में स्थित जोयोसेन टेक्नो केमिकल कंपनी में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग के कारण कंपनी के वेस्टेज मटेरियल के डम्पिंग यार्ड में जमा किए गए खराब ऑयल में भी लपटें उठने लगीं। इस कारण आसपास के क्षेत्र में धूल के गुबार दिखाई देने लगे, जिससे स्थानीय लोग घबराकर घटना स्थल पर जुट गए। बाद में कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन दस्ते ने इस आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस आग में कोई भी जीवित हानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार बाजारगाव के खैरी परिसर में स्थित जोयोसेन टेक्नो केमिकल कंपनी में बुधवार दोपहर करीब 3:00 के दौरान यह आग लगने की घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही वाडी नगर परिषद, महाराष्ट्र विमानतल विकास कंपनी (मिहान), एमआईडीसी हिंगणा और वणाडोंगरी स्थित अग्निशमन दल की टीमें मौके पर पहुंच गईं। आग पर काबू पाने के लिए लिक्विड फोम का इस्तेमाल किया गया और उसे पानी के साथ डाला गया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

बताया जा रहा है कि इस आग के कारण कंपनी के नुकसान के अलावा पर्यावरणीय जोखिम भी बढ़ा था। खराब ऑयल को फिल्टर करके दूसरी कंपनी में भेजने का काम किया जा रहा था, लेकिन आग ने पूरी प्रक्रिया को प्रभावित कर दिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है मामले में आगे की जांच जारी है.

## बूटीबोरी में मिला जीबी सिंड्रोम का पहला मरीज



**बूटीबोरी.** बूटीबोरी के वीर सावरकर नगर केईसी कॉलोनी निवासी एक 12 वर्षीय बालक में जीबी सिंड्रोम के लक्षण दिखने पर इलाज के लिए नागपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, 12 वर्षीय बालक शनिवार की सुबह जब स्कूल जाने के लिए उठा, तो वह बिस्तर के नीचे नहीं उतर पा रहा था।

माता-पिता ने समीप के क्लीनिक से डॉक्टर दीपक बैस को घर पर बुलाया। जांच में पता चला कि बच्चे के पैर कमर से ढीले और पैरों में कोई प्रतिक्रिया नहीं थी। जीबी सिंड्रोम की आशंका होने पर प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर में न्यूरो सर्जन डॉ. विवेक अग्रवाल के पास भर्ती कराया गया। जहां बालक जीबी सिंड्रोम से ग्रसित होने की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य विभाग की टीम आज से परिसर में करेगी जांच : पता चला है कि बालक का परिवार करीब 15 दिन पहले प्रयागराज और अयोध्या से लौटा है। बच्चे में यह लक्षण कहां से आया, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। ऐहतियातन बुधवार से परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करेगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हितग्राहियों को दिलाएं: अपर आयुक्त चारथाणकर



**नागपुर.** मनपा के अतिरिक्त आयुक्त अजय चारथाणकर ने निर्देश दिया है कि नागपुर मनपा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत नागपुर शहर के अधिकतम नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए कार्रवाई करे। नागपुर नगर निगम प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना 2.0 के लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण कर रहा है। इस संबंध में चारथाणकर ने मनपा मुख्यालय स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कक्ष तथा धरमपेठ जोन स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना सहायता कक्ष का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता सुनील उइके, परियोजना अभियंता प्रतीक गजभिये, सोपान देशमुख, अर्चिनोवा डिजाइन के परियोजना सलाहकार अभिजीत वडिचार, हेमंत शेंडे, धरमपेठ जोन में निरीक्षण के दौरान अशोक खाडे उपस्थित थे।

नागपुर नगर निगम प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना 2.0 के लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण कर रहा है। आवेदन नगर निगम की वेबसाइट www.nmcnagpur.gov.in के माध्यम से किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए जो लाभार्थी स्वयं आवेदन पत्र भरने में असमर्थ हैं, उनके लिए नगर निगम मुख्यालय सहित सभी दस जोनल कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। अकि नागपुर नगर निगम सीमा के भीतर उनकी अपनी भूमि और भवन निर्माण योजना संबंधित प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो। चरण 2 में, ऐसे नागरिक जिनके पास अपना कोई स्थायी मकान नहीं है, जो शहर में किराए के मकान में रहते हैं या जिनके एक ही मकान में एक से अधिक परिवार रहते हैं, वे साझेदारी के आधार पर किफायती आवास परियोजना (एएचपी) योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का लाभ उठाने के लिए आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन जमा करना आवश्यक है। हालांकि, जो नागरिक ऑनलाइन प्रणाली को संभालने में असमर्थ हैं, उन्हें नागपुर नगर निगम मुख्यालय, छत्रपति शिवाजी महाराज प्रशासनिक भवन, सिविल लाइंस या निकटतम ज़ोन कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना कक्ष से संपर्क करना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

## आज रात 11.30 बजे तक चलेगी मेट्रो सेवा

### >क्रिकेट मैच को देखते महामेट्रो का निर्णय

**नागपुर.** नागपुर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए नागपुर मेट्रो 6 फरवरी को रात 11.30 बजे तक चलेगी। ऐरवी मेट्रो सेवा सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलती है। महामेट्रो ने जानकारी दी है कि क्रिकेट मैच के कारण यह रात 11:30 बजे तक जारी रहेगी।


भारत और इंग्लैंड के बीच 6 फरवरी (गुरुवार) को विदर्भ क्रिकेट संघ के जामथा मैदान पर एकदिवसीय डे-नाइट क्रिकेट मैच खेला जाएगा। नागपुर निवासियों के लिए यह मैच देखने के लिए न्यू एयरपोर्ट और खापरी मेट्रो स्टेशन तक सभी मेट्रो स्टेशनों से मेट्रो सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। आखिरी ट्रेन खापरी मेट्रो स्टेशन से रात 11.30 बजे रवाना होगी। खापरी से यात्री ऑटोमोटिव स्क्वायर तक जा सकते हैं या सीताबर्डी इंटरचेंज पर ट्रेन बदल सकते हैं और एक्वा लाइन पर किसी



भी दिशा में यात्रा कर सकते हैं। मेट्रो ट्रेनें पूरे दिन 10 मिनट के अंतराल पर चलेंगी। जामठा स्टेडियम न्यू एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन से 7 किलोमीटर और खापरी मेट्रो स्टेशन से 6 किलोमीटर दूर है। मनपा की बसें जामथा स्टेडियम के लिए न्यू एयरपोर्ट स्टेशन पर उपलब्ध रहेंगी और वापसी (भुगतान आधारित) होगी। क्रिकेट प्रशंसकों को मैच के बाद ट्रैफिक जाम से बचने के लिए महा मेट्रो की सेवाओं का उपयोग करके अपने घर पहुंचने की सुविधा मिलेगी। महामेट्रो नागपुर के क्रिकेट प्रेमी नागरिकों से अपील कर रही है कि वे सड़कों पर भीड़भाड़ से बचें और तेज यात्रा के लिए मेट्रो का उपयोग करें। जामठा मैदान वर्धा रोड पर है और मैच के दिन वहां पहुंचने के लिए वाहनों की भारी भीड़ होती है।

## सोशल मीडिया पर कर रहे थे मैच टिकटों की कालाबाजारी

### >ग्राहक बनकर दलालों तक पहुंची पुलिस



**नागपुर.** क्रिकेट मैच टिकटों की कालाबाजरी रोकने के लिए पुलिस ग्राहक बनकर दलालों तक पहुंची है। मामले में क्राइम ब्रांच की यूनिट नंबर पांच और साइबर टीम ने मिलकर दो जगहों पर छापे मारे हैं। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 11 टिकटें जब्त की गई हैं। बुधवार दोपहर अदालत में पेश कर उन्हें पुलिस रिमांड में लिया गया। एक दिन पहले सदर पुलिस ने भी दो दलालों को दबोचा था। स्थानीय जामठा स्टेडियम में 6 फरवरी को भारत और इंग्लैंड के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच का मुकाबला होने वाला है। उसके टिकटों की ऑनलाइन बिक्री होने से साइबर टीम सोशल मीडिया पर नजर गड़ाए थी।

टीम को पता चला कि अजहर सलिम शेख विदर्भ कॉम्पलेक्स सक्करदरा निवासी के नाम से खरीदे गए मैच टिकटों की ऑनलाइन बिक्री उसका मित्र रोहित गोपाल झोड उम्र 24 साल रहवासी गरौबा मैदान के जरिए कर रहा था। रोहित ने सोशल मीडिया पर टिकटें उपलब्ध होने का विज्ञापन दिया था। 5 हजार रुपए दर की 2 और 8 हजार रुपए दर की 3 टिकटें उपलब्ध थीं। जिसे दोगुने या जैसा ग्राहक मिला वैसे बेच रहे थे।

मामला कालाबाजारी से जुड़ा होने के कारण साइबर टीम सक्रीय हुई और बरामद मोबाइल नंबर के आधार पर ग्राहक बनकर रोहित को घेर लिया। पूछताछ के दौरान अजहर का नाम पता चला। उसके जरिए अजहर को फोन कर सक्कदरा चौक बुलवाया। उसे यह कहकर बुलाया गया था कि टिकट खरीदी के लिए ग्राहक मिल गया है। जिससे वह खुद की टिकटें लेकर आया। दोगुनी रकम मिलने की उम्मीद से जैसे ही अजहर टिकट लेकर पहुंचा, वैसे ही पुलिस ने छापा मारा और उसे भी दबोच लिया। दोनों आरोपियों ने 34 हजार रुपए की पांच टिकटें और मोबाइल जब्त किया। इसी तरह क्राइम ब्रांच यूनीट 5 टीम को गुप्त जानकारी मिली थी कि पागलखाना चौक में कोई व्यक्ति दोगुने दाम पर मैच की टिकट बेच रहा है। उसके आधार पर पुलिस ग्राहक बनकर आरोपी राहुल दशरथ मोहाड़ीकर उम्र 34 साल रहवासी देशपांडे ले-आउट त्रिमूर्ती नगर तक पहुंची और उसे भी दबोच लिया। उससे भी 6 टिकट जब्त किए गए हैं। मोबाइल सहित कुल 20 हजार रुपए का माल जब्त किया गया है।

# उपराजधानी में बर्ड फ्लू की एंट्री

### > नागपुर शहर सहित एक किलोमीटर परिसर प्रभावित घोषित
### > मुर्गी और अंडे की बिक्री पर लगी रोक



**नागपुर.**

उपराजधानी नागपुर में बर्ड फ्लू की एंट्री हो गई है। बड़ा ताजबाग स्थित पोल्ट्री फॉर्म में मौजूद मुर्गियों में फ्ल्यू के लक्षण पाए गए। जिसके बाद जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर ने नागपुर शहर सहित दस किलोमीटर के बड़ा ताजबाग, नागपुर सहित आस-पास के एक किलोमीटर परिसर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है। इसी के साथ आने वाले 21 दिनों तक प्रभावित क्षेत्रों में बिक्री पर रोक लगा दी है।

विदर्भ में बर्ड फ्लू यानी एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। चंद्रपुर के बाद उपराजधानी नागपुर में भी बर्ड फ्लू ने दस्तक दे दी है। शहर के बड़ा ताजबाग परिसर स्थित पोल्ट्री फार्म में मौजूद मुर्गियों में वाइरस पाया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु स्वास्थ्य संस्थान, आनंद नगर, भोपाल और रोग जांच विभाग, पुणे ने मुर्गियों में वायरस की पुष्टि की। जिसके बाद अधिकार का प्रयोग करते हुए जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर ने बड़ा ताज बाग, नागपुर शहर और उसके आसपास के एक किलोमीटर के दायरे के क्षेत्र को प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके अलावा, प्रभावित क्षेत्र से शेष नौ किलोमीटर की परिधि को निगरानी क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। रैपिड एक्शन फोर्स को प्रभावित क्षेत्रों में सभी पोल्ट्री पक्षियों के साथ-साथ उनसे संबंधित चारे और अंडों का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा करने का आदेश दिया गया है।

### 21 दिनों के लिए प्रभावित क्षेत्रों में मुर्गी, अंडे और पक्षी चारा की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध

प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में क्षेत्रों को संक्रमण मुक्त करने की अनुमति दे दी गई है। जिला कलेक्टर डॉ. विपिन इटनकर ने अगले 21 दिनों के लिए प्रभावित क्षेत्रों में मुर्गी, पक्षी, अंडे, पक्षी चारा की खरीद, बिक्री, परिवहन, बाजार, मेले और प्रदर्शनियों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है।

## स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे पहुंचे कलमेश्वर

**नागपुर.**

स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे बुधवार को नागपुर दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने कलमेश्वर तहसील के कई स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने छात्रों से बातचीत भी की। राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे नागपुर दौरे पर हैं। बुधवार को शिक्षा मंत्री ने कलमेश्वर तहसील के कई सरकारी और नगर परिषद स्कूलों का दौरा किया। मंत्री ने सबसे पहले कलमेश्वर स्थित नगर परिषद प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल का दौरा कर निरीक्षण किया। जहां वह पांचवीं कक्षा में गए और छात्रों से बातचीत की तथा किताबें पढ़ीं। इसके बाद भुसे कलमेश्वर तहसील के उबाली गांव स्थित स्कूल का दौरा किया। जहां के तीसरी कक्षा की छात्रा कशिश ठाकुर ने उनके लिए एक कविता सुनाई।




CMYK

# निलंबित शिक्षक ने कीया कक्षा सील, प्राचार्य की भूमिका संदिग्ध

## > शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अनियमितताओं का सिलसिला जारी

**सावनेर.**







शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर छात्रों ने नायब तहसीलदार के माध्यम से स्थानीय विधायक, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा था। शिकायत में छात्रों ने मानसिक प्रताड़ना, धमकी और असुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। इसके बाद संस्थान में पेयजल सुविधा हेतु वाटर फिल्टर लगवाए गए और शिक्षकों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जाँच समिति गठित कर दो दोषी शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया था।हालांकि, सूत्रों के अनुसार, निलंबित शिक्षकों का बार-बार संस्थान में आना और प्राचार्य के कार्यालय में घंटों बैठना संदेहजनक है। इससे यह आशंका पैदा होती है कि निलंबित शिक्षक और प्राचार्य के बीच अब भी कोई सांठगांठ है या निलंबन रद्द कराने की कोई कोशिश की जा रही है। स्तिथि तब और गंभीर हो गई जब 31 जनवरी को एक निलंबित शिक्षक ने सरकारी संपत्ति माने जाने वाले एक कक्षा-कक्ष को बंद कर उसे सील कर दिया। यही नहीं, कक्षा के दरवाजे पर एक धमकी भरा पत्र चस्पा किया गया, जिसमें लिखा था— "बिना पूछे ताला न खोलें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी (कैमरा चालू है, सावधान रहें)।" यह गंभीर मामला न केवल सरकारी संस्थान की गरिमा को ठेस पहुंचाता है बल्कि यह भी सवाल उठाता है कि निलंबित शिक्षक को ऐसा करने का साहस कैसे मिला? क्या प्राचार्य की मौन स्वीकृति इसके पीछे है? निलंबित शिक्षकों का संस्थान में आकर खुलेआम इस प्रकार का कदम उठाना आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है।

### प्राचार्य की भूमिका संदिग्ध, उच्च स्तरीय जाँच की माँग

इस पूरे घटनाक्रम में प्राचार्य की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। समाजसेवी किशोर ढुंढेले ने उच्च स्तरीय जाँच की माँग करते हुए दोषी शिक्षक और प्राचार्य पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। अब देखने वाली बात यह होगी कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य इस बार निलंबित शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हैं या फिर मामले को अनदेखा कर अपनी कार्यशैली पर सवाल खड़े होने देते हैं। इस मामले पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# पेसेंजर ट्रेन से पिछले वर्ष दुर्घटना में हुए 57 लोगों की मृत्यु पर श्रद्धांजलि

**कन्हान.**



विगत वर्ष बोरडा रोड के निकट रामटेक नागपुर पैसेंजर ट्रेन से टैक्टर ट्राली में सवार 57 लोगों की 3 फरवरी 2005 को हृदय विकारक को घटना में मृत्यु हो गई थी। जिसमें सोमवार को 3 फरवरी को उन्हें ग्रामीण व शहर के नागरिकों द्वारा विनम् श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उनके स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर इस दुखदाई घटना में मृतकों को स्मरण किया तथा मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम के आयोजक संजय सत्यकार, दयाराम भोयर ने अपने विचार व्यक्त किए । श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम में नगर के सम्मानित नागरिकों में राकांपा ज़िला कार्याध्यक्ष किशोर बेलसरे, जितेंद्र चौहान, रिंकेश चौरे, राम नंदूरकर, भगवानदास दव, सुभाष तडस, नरहरि पोर्टभरे, संदीप नेहुले, नरेश पोटभरे, राजू गुडधे, ऋषभ बावनकर, कैलाश काकडे, जितेंद्र सोरते, हरिदास तिरोड़े, गजानन आकरे, नामदेव कांबले, मोहन सावरकर, नरेंद्र ठाकुर, दिनेश बनड, रविंद्र दुपारे, प्रमोद हुमने सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

# आरकेएस पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी हर्षोल्लास मनाई गई



**नागपुर.**

कमलादेवी खियानी बहु-उद्देशीय संस्था के अंतर्गत संचालित आर.के.एस. पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन और देवी सरस्वती को पुष्प अर्पित कर उत्सव की शुरुआत की गई तथा ज्ञान और समृद्ध जीवन की कामना करते हुए देवी से प्रार्थना की गई। स्कूल की सचिव उषा राजकुमार खियानी ने अपनी उपस्थिति में बहुमूल्य शब्दों से उपस्थित लोगों को संबोधित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या कीर्ति सोनी ने इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मधुर गीत प्रस्तुत किए। बच्चों ने पीले रंग से फूल और गमले बनाने जैसी गतिविधियाँ की। बच्चों ने इस अवसर के महत्व को दर्शाते हुए पीले रंग के कपड़े पहने थे। पूरे दिन रंगोली पेंटिंग, क्राफ्ट जैसी कई अन्य गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस उत्सव के साथ स्कूल ने वसंत ऋतु की शुरुआत को चिह्नित किया है। कार्यक्रम का संचालन दीपक सोलंकी एवं हेमा यादव ने, वहीं कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अमृता राउत ने व्यक्त किया।

# सावनेर तहसील में सारथी योजना और साइबर सुरक्षा पर जनजागरण अभियान

**सावनेर.**





गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्लैनेट आई.टी. के विद्यार्थियों ने सावनेर तहसील के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर सारथी योजना और साइबर सुरक्षा को लेकर जनजागरण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत जटामखोरा, केलवद, जोगा, नांदागोमुख, हत्तीसर्रा, आष्टी, सालई, खैरी ढालगांव, खापा नरसाळा, सावंगी हेटी, भन्साळी टाकली, तिडंगी, नंदापुर आदि गांवों में लोगों को सरकारी योजनाओं और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मराठी समाज के युवाओं को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सारथी संस्था कार्य कर रही है। पीएचडी स्कॉलरशिप, एमपीएससी, यूपीएससी, बैंकिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

इसके अलावा, संस्था ने कंप्यूटर क्षेत्र में भी कदम रखते हुए नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण देने की पहल की है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का लाभ मिल सके। शिक्षा और कौशल विकास के साथ-साथ साइबर सुरक्षा भी आज के समय में बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। प्लैनेट आई.टी. के विद्यार्थियों ने साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी, पासवर्ड प्रबंधन, सोशल मीडिया सुरक्षा और डिजिटल सेफ्टी जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि कैसे वे अपने ऑनलाइन खातों को सुरक्षित रख सकते हैं और साइबर ठगी से बच सकते हैं।

इस जनजागरण अभियान का मार्गदर्शन संचालक अभिषेकसिंह गहरवार ने किया। अभियान में प्रेरणा नवघरे, पल्लवी मस्की, रोशनी काले, प्रतीक्षा काले, आकाश गुडधे, निखिल झलके, निशिकांत झलके, हर्षा मुरकुटे, भूषण वडकी, दीक्षा देवलकर, सानिका पेटकर, स्वाती चिपड़े, ऐश्वर्या मिलमिले, साक्षी भूतमारे, निकिता भोबडे, अस्मिता ढोके, अक्षय गुरटकर, आंचल कोल्हेकर, सिद्धिका पांडे, करीना घुगल, वैष्णवी बेलेकर, पूनम आसोले, निकिता डवरे, वैष्णवी बेलेकर, आंचल कोल्हेकर, सिद्धिका पांडे और नम्रता पिंपले सहित कई विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और ग्राम पंचायतों में लोगों को जागरूक किया।

इस पहल को स्थानीय स्तर पर सराहा जा रहा है। अभियान में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह अभियान युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है और भविष्य में इससे अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। यह प्रयास न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देने में मददगार साबित हो रहा है, बल्कि डिजिटल सुरक्षा के प्रति लोगों को सतर्क करने का भी एक प्रभावी माध्यम बन रहा है।

# हरदास स्कूल में वार्षिक स्नेह सम्मेलन हर्षोल्लास से संपन्न

**कामठी.**





गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरदास मुला-मुलांची प्राथमिक स्कूल और ड्रैगन इंटरनेशनल कॉन्वेंट के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 26 जनवरी से 29 जनवरी तक हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।


गणतंत्र दिवस पर स्कूल के मुख्याध्यापक सतीश कसरे ने झंडा दिया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन रेखा भावे (सामाजिक कार्यकर्ता) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रजनी लिंगायत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। इस अवसर पर, स्कूल के छात्रों ने आकर्षक पोशाक के साथ नृत्य करके उपस्थित लोगों के दिलों को जीत लिया। 27 जनवरी को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने विभिन्न टीम खेलों के साथ व्यक्तिगत खेलों में भाग लिया। खेल शिक्षिका सुकेशिनी मुराकर इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। छात्रों द्वारा 28 जनवरी को रंगोली पेंटिंग और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में आकर्षक और विविध वेशभूषा के साथ अपनी कला को प्रदर्शन किया गया। छात्रों और माता -पिता ने 29 जनवरी को छात्रों द्वारा लगाए गए विभिन्न फूड स्टालों पर फूड स्टालों का आनंद लिया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों उज्वला सुखदेव (प्राध्यापक समाज कार्य महाविद्यालय कामठी), देवेंद्र जगताप (मुख्याध्यापक हरदास विद्यालय) सुनील चिचघरे, विजय नंदनवार के हस्ते पुरस्कार वितरित किए गए। 30 जनवरी को, छात्रों को दोपहर का स्नेहभोज दिया गया और सम्मेलन की समाप्ति की गई। पूरे कार्यक्रम का संचालन मनोज तातोडे द्वारा किया गया।

वहीं वर्षा सावरकर, ज्योति गजघाटे, पौर्णिमा कानफाड़े ने सांस्कृतिक विभाग की जिम्मेदारी संभाली। जबकि नंदा बंसोड, ज्योत्ना निकोसे, कल्पना जामगडे ने कार्यक्रम की सफलता के लिए कड़ी मेहनत किए।

# राकांपा नागपुर जिला कार्यकारिणी में चंद्रशेखर येवले और साहबराव बोवाडे की नियुक्ति

**वाडी.**


चंद्रशेखर येवले


साहबराव बोवाडे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नागपुर जिला कार्यकारिणी में चंद्रशेखर येवले को जिला उपाध्यक्ष और साहबराव बोवाडे को जिला संगठन सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील, पूर्व मंत्री अनिल देशमुख, पूर्व मंत्री रमेशचंद्र बंग, प्रदेश सरचिटणीस प्रेम झाडे, जिला अध्यक्ष प्रवीण कुंटे पाटील का आभार व्यक्त किया।उनकी नियुक्ति पर उद्योग व्यापार विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन ठाकरे,वाड़ी शहर अध्यक्ष वसंता ईखणकर, पूर्व नगरसेवक शाम मंडपे, सांस्कृतिक विभाग जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह राजकुमार, वाड़ी कार्याध्यक्ष हेमंत गडेकर, दिनेश उइके, योगेश चरडे, प्रवीण लिचडे, अब्दुल आमिर शेख, अशोक पैदलवार, गुणवंत देशभरतार, राजा भाऊ ज्योध, पयप्पू पटले, सुरेश बावनकर, समाधान गाडगे, सुनीता ठाकरे, सुनंदा ठाकरे, संगीता येवले, शालिनी राजकुमार, प्रीती जोध, मल्लेवार ताई, शुभांगी जावडकर सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया।इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और जनसेवा को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# कबाड़ गोदाम में आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक

**कामठी.**



नया कामठी पुलिस थाना क्षेत्र के येरखेड़ा गांव में मंगलवार सुबह एक कबाड़ी के गोदाम में आग लग गई। आग की घटना में लगभग लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग से लपटे आसमान छू रही थी, लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया। कुछ ही देर में आग की लपटों ने सारे गोदाम में रखे माल को राख बना दिया। घटना नवीन कामठी थाना क्षेत्र के येरखेड़ा गांव में तारा माता मोड़ पर राम देशमुख के कबाड़ी गोडाउन की है। सूचना मिलते ही कामठी नगर परिषद, कन्हान नगर पंचायत, बीडगांव नगर पंचायत की फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ी मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस का कहना है कि अब तक यह स्पष्ट नहीं पाया है कि आग कैसे लगी। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

# नेहरू नगर महिला मंच के उद्घाटन में रंगारंग 'वसंत उत्सव' का आयोजन

**नागपुर.**



रविदास बहुउद्देशीय संस्था, यूथ कला निकेतन रंगशाला ग्रुप एवं नेहरू नगर महिला मंच के संयुक्त तत्वावधान में 'वसंत उत्सव' सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन नेहरू नगर महिला मंच की सदस्यों के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

यूथ कला निकेतन रंगशाला ग्रुप के गुरु सुरेश घोरे एवं उनकी शिष्या मीनाक्षी काकडे के निर्देशन में 'पतझड़, सावन और वसंत बहार' थीम पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम की शुरुआत निधि नागोसे द्वारा गणेश वंदना "प्रथम तुला वंदितों गणराया" गीत से हुई। इसके बाद डॉ. प्रतिभा वैरागड़े एवं सुरेश घोरे ने 'पतझड़, सावन, वसंत बहार' गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की रंगत को और बढ़ाया।

कार्यक्रम में जितेंद्र गजभीये, प्रमोद डेकाटे, राजेश खिची ने 'निसर्ग हा मस्तीने', 'कानडा राजा पंढरीचा', 'निसर्ग सजा ऐक सांगते', 'राजा तलकारी दे', 'नाम गुम जायेगा', 'ज्योति कलश झलके', 'झाल्या तिन्ही सांजा', 'रेशमाच्या रेघानी', 'प्रीतिच झूळ झूळ पाणी', 'सत्यम शिवम सुंदरम', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना', 'मुळीच न होता रे कान्हा' जैसे एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। इसके अलावा, माही काकडे और निधि नागोसे ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि पंडित तिरपूड़े ने बांसुरी वादन और हास्य नकल से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस भव्य सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुति को सराहा। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार गजभीये ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अमृता खोवरामड़े ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में अक्षद घोरे, भास्कर अतकरी, विनोद बावने, उत्कर्ष घोरे, अनिल गुस्व, प्रवीण हांडे, नीता नागोसे, कांचन शाहू, भाग्यलक्ष्मी चरडे, ममता महिंद्रकर, रंजना बोस्कर, प्रतिभा गजभिये, अभिषेक घोरे, प्रमोद डेकाटे, जितेंद्र शेगावकर, जामेश्वर निखाडे, लक्ष्मी ढोले, ममता घोरे, सुमित्रा सावरकर, वांसन्ती खोबरागड़े, मनीषा धोटे, कविता कळमकर, नेहा शाहू एवं नेहरू नगर महिला मंच के सदस्यों ने विशेष सहयोग दिया। इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ने 'वसंत उत्सव' की मधुर अनुभूति कराई और सभी दर्शकों को एक अविस्मरणीय संध्या का अनुभव प्रदान किया।

# गजानन महाराज प्रगट दिवस पर दो दिवसीय भव्य आयोजन

**सावनेर.**



श्री संत गजानन महाराज देवस्थान, न्यू बोरुजवाड़ा में गजानन महाराज प्रगट दिवस पर 19 और 20 फरवरी 2025 को भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। देवस्थान सेवा ट्रस्ट, सारस्वतधाम द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विविध धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन होंगे। संत गजानन महाराज देवस्थान ट्रस्ट के राजुभाऊ कांबे व सभी विश्वस्तों ने श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। 19 फरवरी सुबह 5:00 से 7:00 बजे तक अभिषेक व पूजन, सुबह 7:00 से 9:00 बजे तक पारायण, शाम 6:00 से 8:00 बजे तक राष्ट्रीय कीर्तनकार ह.भ.प. डॉ. सचिन महाराज काळे द्वारा समाज प्रबोधन20 फरवरी, सुबह 8:00 से दोपहर 12:00 बजे तक पालकी महोत्सव, दोपहर 12:00 से शाम 5:00 बजे तक महाप्रसाद व कीर्तन

# केंद्र और राज्य सरकार से मांग: श्मशान और कब्रिस्तान के लिए झुड़पी वन भूमि आवंटन की मंजूरी

## > पशुओं के लिए भी श्मशान घाट की जगह की आवश्यकता

## > अमृत महोत्सवी वर्ष में भी श्मशान-भूमि में निधि की कमी

**कोंढाली.**



भारतीय संस्कृति में दाह संस्कार और दफनाना हर समाज का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। ग्रामीण क्षेत्रों में श्मशान और कब्रिस्तान के लिए जगह उपलब्ध कराना ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी है, और राज्य सरकार इस उद्देश्य के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। फिर भी, कई गांवों में विभिन्न समुदायों के मृतकों के दाह संस्कार और दफनाने के लिए स्थान नहीं मिल पा रहा है। कुछ गांवों में श्मशान और कब्रगाह दो किलोमीटर दूर हैं, जो एक बड़ी समस्या है। वर्तमान में, ग्राम पंचायत से श्मशान और कब्रिस्तान के लिए जमीन की मांग की जाती है, लेकिन कई बार भूमि उपलब्ध नहीं होती है, क्योंकि पंचायत के पास जमीन या वित्तीय संसाधन नहीं होते। ऐसे में वन विभाग से झुडपी वन भूमि का कुछ हिस्सा श्मशान और कब्रिस्तान के लिए आवंटित करने की अनुमति की आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र सरकार से मंजूरी की आवश्यकता है। कोंढाली के सरपंच केशवराव धुर्वे, उपसरपंच स्वप्निल व्यास, धुरखेडा-बोरगाव सरपंच विठ्ठल ऊके और अन्य नागरिकों ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की है कि गांवों के पास स्थित राजस्व या झुडपी वन भूमि पर श्मशान और कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटन की मंजूरी दी जाए।

### स्मशान भूमि के लिए निधि की कमी

बोरगाव और पांजरा काटे गांव में श्मशान भूमि के अभाव के कारण, आजादी के 75 वर्षों के बाद भी श्मशान भूमि उपलब्ध नहीं हो पाई है। इसके लिए विकास निधि की आवश्यकता है, जिसे सरकार से मंजूरी दिलाने की मांग की जा रही है।

**पशुओं के लिए श्मशान घाट :** लंपी वायरस जैसी बीमारियों के कारण पशुओं की बड़ी संख्या में मौत हो रही है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटनाओं में भी पशुओं की मौत के मामले सामने आते हैं। इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए, महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ ने भी मांग की है कि हर जिले में एक श्मशान घाट होना चाहिए, जहां मृत पशुओं का सम्मानपूर्वक दाह संस्कार किया जा सके।

# महर्षि नाथूबाबा जयंती महोत्सव संपन्न

**नागपुर.**



निषाद भोई कहार केवट ढिवर समाज के आराध्य गुरु महर्षी नाथूबाबा महोत्सव भोई समाज पंच कमेटी के तत्वाधान मे शहर मे संपन्न हुआ. जयंती महोत्सव के उपलक्ष मे बसंत पंचमी के अवसर पर गुरु का अभिषेक, पूजन कर महाप्रसाद का आयोजन किया गया। उसी तरह विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीतगायन स्पर्धा, चित्रकला स्पर्धा, रंगोली स्पर्धा, नृत्यकला स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें सोमवार 3 फरवरी को पुरुस्कार वितरित किए गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर करतारने की तथा नंदकिशोर गौर ने कार्यक्रम का सूत्रसंचालन एवं सचिव राहुल गौर ने रूपरेखा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष मोतीलाल गौर, कला नायक, अनिता प्रल्हाद गौर, निर्मला गौर, उमाबाई गौर, संगीता करतार, कोषाध्यक्ष मनीष बाथो, राधा गौर, वर्षा डेकोरेशन, राहुल साऊंड आदि ने अथक प्रयास किए। कार्यक्रम मे अनिल गौर, रमेश गौर, रुबी गौर, नूतन गंगोत्री, संगीता बाथो, महावीर गौर, राजेश गौर, अरुण गौर आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित थे।

# वर्धा जिले के 800 बुजुर्गों को अयोध्या के दर्शन कराएगी सरकार

## > मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना का मिलेगा लाभ

**वर्धा.**

वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थयात्रा हो सके, इस उद्देश्य से राज्य शासन की ओर से मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना कार्यान्वित की गयी है। वर्ष 2024-25 इस वित्तीय वर्ष में इस योजना के लाभ के लिए कुल 4 हजार, 169 आवेदन प्राप्त होकर इनमें से 3 हजार, 355 आवेदक योजना के लाभ के लिए पात्र घोषित किए गए हैं। इसमें से 800 भक्तों का जत्था जल्द ही अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना पर प्रभावी क्रियान्वयन समाज कल्याण सहायक कार्यालय के माध्यम से किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के माध्यम से इस योजना के लाभ के लिए आवेदन मंगवाए गए हैं। दिए गए अवधि में कुल 4 हजार 169 व्यक्तियों के आवेदन वर्धा के समाज कल्याण सहायक आयुक्त कार्यालय को प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद 3 हजार, 355 आवेदन योजना के लाभ के लिए पात्र घोषित किए गए। पहले चरण में पात्र लाभार्थियो में से 1 हजार व्यक्तियों को उन्होंने दर्ज किए तीर्थदर्शन के लिए भेजने का तय कर इसका प्रस्ताव पुणे के आयुक्त कार्यालय को भेजा गया। संबंधित प्रस्ताव पर सहानुभूति पूर्वक विचार होकर 800 भक्तों का जत्था जल्द ही अयोध्या में भेजने का निश्चित किया गया है। इस के अलावा उनके लिए आईआरसीटीसी के साथ पुणे के आयुक्त स्तर पर करार भी किया गया है। जल्द ही वर्धा के संबंधित 800 वरिष्ठ नागरिकों की अयोध्या दर्शन की इच्छा पूर्ण होगी। आवेदन करते समय आवेदन के साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, महाराष्ट्र राज्य का अधिवास प्रमाणपत्र अथवा महाराष्ट्र के जन्म का दाखिला, उत्पन्न प्रमाणपत्र, वैद्यकीय प्रमाणपत्र, फोटो, परिजनो सहित स्वय का मोबाईल क्रमांक आदि साथ जोड़ना आवश्यक है।




**शासन उठाएगा यात्रा, निवास और भोजन का खर्च**

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभ के लिए पात्र रहे वृद्धों की यात्रा, निवास व भोजन का खर्च शासन द्वारा उठाया जाएगा। इस योजना के लाभ के लिए लाभार्थियों की आयु 60 से अधिक होना आवश्यक है। साथ ही वे महाराष्ट्र के निवासी होने चाहिए तथा उनके परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के लिए ऑनलाइन पद्धति से करना पड़ता है आवेदन : मुख्यमंत्री तिर्थदर्शन योजना के लाभ के लिए लाभार्थियो को ऑनलाइन पद्धति से आवेदन करना पड़ता है।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**वर्धा.**



कनिष्ठ महाविद्यालय हिंदी अध्यापक संघ, महाराष्ट्र राज्य (नागपुर विभाग) के तत्वावधान में वर्धा जिले द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए हिंदी विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यशाला की अध्यक्षता संघ के राज्य सचिव प्रा. रेवणनाथ कर्डीले ने की, जबकि प्रमुख अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में शिवाजी विज्ञान महाविद्यालय, राजूरा, चंद्रपुर की प्रा. सुनीता जमदाडे उपस्थित थीं। उन्होंने बोर्ड परीक्षा के लिए उपयोगी सुझाव दिए और सरल भाषा में छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से हिंदी अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष डॉ. मिलिंद कांबले, कार्याध्यक्ष डॉ. राजकुमार कांबले, वरिष्ठ हिंदी प्राध्यापिका डॉ. रत्ना चौधरी, नागपुर विभागीय अध्यक्ष प्रा. जावेद शेख, जिला सचिव डॉ. अनिस बेग, डॉ. विनोद डोमकावले सहित नागपुर, गोंदिया, चंद्रपुर, वर्धा जिले के हिंदी अध्यापक उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष प्रा. श्वेता हल्दे ने किया, जबकि प्रस्तावना विभागीय अध्यक्ष प्रा. जावेद शेख ने रखी और आभार प्रदर्शन वर्धा जिला सचिव डॉ. अनिस बेग ने किया। इस कार्यशाला से वर्धा जिले के सैकड़ों विद्यार्थियों को लाभ मिला।

कार्यशाला की सफलता के लिए नागपुर विभाग उपाध्यक्ष प्रा. ज्योति शर्मा, वर्धा जिलाध्यक्ष प्रा. श्वेता हल्दे, सचिव डॉ. अनिस बेग, प्रा. विजया कडू सहित वर्धा जिले के सभी पदाधिकारियों एवं अध्यापकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## ई-केवाईसी नहीं करने पर बंद होगी अनाज आपूर्ति: तहसीलदार योगेश शिंदे

**हिंगनघाट.**




राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए शिधा पत्रिका (राशन कार्ड) धारकों के लिए ई-केवाईसी (E-KYC) अनिवार्य कर दिया गया है। तहसीलदार योगेश शिंदे और पुरवठा निरीक्षक गौरव भांडेकर ने नागरिकों से जल्द से जल्द ई-केवाईसी कराने की अपील की है।हिंगनघाट में राशन कार्ड धारकों के परिवार के सभी सदस्यों को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपने गांव की सरकारी अनाज दुकान पर उपलब्ध ई-पॉज (E-Pos) मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी पूरी करनी होगी। राज्य सरकार के निर्देशानुसार, शिधा कार्ड धारकों और उनके परिवारों के ई-केवाईसी को अनिवार्य किया गया है।

**1 लाख 9 हजार लाभार्थियों का ई-केवाईसी बाकी**

हिंगनघाट में 136 सरकारी राशन दुकानें हैं, जिनसे 1 लाख 99 हजार 61 लाभार्थी लाभान्वित होते हैं। इनमें से 90 हजार लाभार्थियों का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, लेकिन अभी भी 1 लाख 9 हजार लाभार्थियों का ई-केवाईसी बाकी है। ई-केवाईसी की प्रक्रिया संबंधित राशन दुकानदारों के माध्यम से ही पूरी की जा रही है। अगर कोई राशन कार्ड धारक अपना ई-केवाईसी नहीं कराता है, तो उसे सरकार द्वारा मिलने वाला अनाज बंद हो सकता है। पुरवठा विभाग के अधिकारी गौरव भांडेकर ने बताया कि राशन कार्ड को आधार से लिंक करने के लिए लाभार्थियों के दो फिंगरप्रिंट लिए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया जल्द पूरी करने की अपील की गई है, ताकि किसी को राशन मिलने में परेशानी न हो।

## शिवसेना ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ उपविभागीय अधिकारी को दिया ज्ञापन

**शेकापुर.**

शेकापुर (बाई) के बालू घाट से रात में भारी मात्रा में बालू चोरी होने की खबर सामने आई है, जिससे राज्य सरकार के राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) पार्टी को दो दिन पहले यह सूचना मिली थी कि शेकापुर रेत घाट पर 20 से 25 टिप्पर और ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत ले जाने के लिए तैयार थे। कुछ वाहनों में जेसीबी के माध्यम से रेत भरकर ले जाया गया।

शिवसेना ने इस मामले में उपविभागीय अधिकारी और तहसीलदार को सूचित किया, लेकिन किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। पार्टी ने आरोप लगाया कि जब वडनेर थाने के थानेदार लोकरे को भी इस मामले की सूचना दी गई, तो उन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की। इससे यह स्पष्ट होता है कि अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं और रेत माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। शिवसेना ने आरोप लगाया कि अधिकारी सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के दबाव में काम कर रहे हैं और इन माफियाओं को बचा रहे हैं। एक-दो ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ दिखावटी कार्रवाई कर यह जताने की कोशिश की जा रही है कि प्रशासन सतर्क है। शिवसेना ने उपविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देते हुए चेतावनी दी कि यदि रेत माफियाओं के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी अपने कार्यालय के सामने धरना देने से पीछे नहीं हटेगी। शिवसेना ने यह ज्ञापन जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक को भी भेजा है।

## तेली समाज का वर-वधू परिचय सम्मेलन 9 फरवरी को आयोजित

**हिंगनघाट.**



संताजी जनसेवा मंडल, हिंगणघाट द्वारा तेली समाज की सभी शाखाओं के लिए रविवार, 9 फरवरी को कालोडे सभागृह में वर-वधू एवं अभिभावक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा, जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र प्रांतीय तैलिक महासभा के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रामदास तड़स करेंगे, जबकि डॉ. भूषण कर्डिले, महासचिव, महाराष्ट्र प्रांतीय तैलिक महासभा, इस समारोह का संचालन एवं उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में विधायक राजेश बकाने, पूर्व सांसद सुरेश वाघमारे, पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. रामदास आंबटकर, पूर्व विधायक राजू तिमांडे, इंजी. धर्मराज रेवतकर (कार्यकारी अध्यक्ष, अ.भा.अ. तैलिक महासभा महाराष्ट्र-गोवा प्रदेश) एवं अतुल वांदिले (युवा कार्यकारी अध्यक्ष, महाराष्ट्र तैलिक युवा महासभा) की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के दौरान देवली-पुलगांव विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक राजेश बकाने का सत्कार किया जाएगा। साथ ही, वर-वधू परिचय पुस्तिका 'गुंफन' का विमोचन समाज के गणमान्यों द्वारा किया जाएगा।

इस सम्मेलन में 400 से अधिक वर-वधू पंजीकरण करा चुके हैं, जिन्हें मंच से स्वयं का परिचय देने का अवसर मिलेगा। समाज के अधिक से अधिक बंधुओं से इस महत्वपूर्ण आयोजन में उपस्थित रहने की अपील आयोजकों द्वारा की गई है।

## सीसीआई के माध्यम से सरकारी कपास खरीदी जारी

**अमरावती.** जिले में पिछले दो महीनों से सीसीआई के माध्यम से सरकारी कपास खरीदी जारी है। इसके लिए प्रशासन ने स्थानीय जिनिंग मिलों के साथ अनुबंध किया है। हालांकि, जिनिंग मिलों में सरकी नियमित रूप से नहीं उठाये जाने से स्टॉक भरे होने के कारण कपास खरीदी की गति धीमी पड़ गई है। सीसीआई ने किसानों को जानकारी दी है कि स्टोरेज की समस्या के कारण खरीदी सीमित कर दी गई है। इससे कपास उत्पादक किसान परेशान हैं क्योंकि खुले बाजार में कपास के दाम कम हैं, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों को उम्मीद थी कि सीसीआई द्वारा उचित दर पर कपास खरीदा जाएगा,

## क्रांति भूमि आष्टी (शहीद) में कला-क्रीडा सप्ताह का भव्य समापन

**आष्टी.**



शिक्षा के गढ़ के रूप में पहचाने जाने वाले आष्टी (शहीद) में 23 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक सुप्रसिद्ध हुतात्मा राष्ट्रीय विद्यालय और कनिष्ठ महाविद्यालय में कला-क्रीडा सप्ताह का आयोजन किया गया। विद्यालय की परंपरा के अनुसार, यह आयोजन हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें विविध खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ संपन्न होती हैं।

23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की छवि की पूजा और हुतात्मा राष्ट्रीय विद्यालय के क्रीड़ा ध्वज के ध्वजारोहण के साथ कला-क्रीडा सप्ताह का उद्घाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर हुतात्मा स्मारक समिति के अध्यक्ष भरत वणझारा प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष डॉ. किशोर गंजिवाले, सचिव विनायक होले, कोषाध्यक्ष राजाभाऊ सवालके, संचालक शंकररावजी नागपुरे और विद्यालय के मुख्याध्यापक पी.जी. नागतोड़े विशेष रूप से मौजूद रहे।

24 और 25 जनवरी को सांघिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें कबड्डी, लंगड़ी, स्लो साइकिल, गोला फेंक, दौड़, खो-खो, म्यूजिक चेयर, वॉलीबॉल आदि रोमांचक खेलों का समावेश रहा। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और खेल भावना का परिचय दिया। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के तहत कक्षा XII बोर्ड परीक्षा 2024 में तालुका में अव्वल रही छात्रा कु. संपदा पाटकर ने विद्यालय में ध्वजारोहण किया, वहीं शहीद स्मारक पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीमती रमाबाई तांबस्कर के हाथों ध्वजारोहण संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनसीसी, स्काउट गाइड, हरित सेना और कप-बुलबुल के छात्रों ने भव्य पथ संचलन किया। तहसीलदार अनिल धोत्रे और नगर पंचायत आष्टी के नगराध्यक्ष को मानवंदना दी गई।

## भारत के पहले स्काई वॉक का काम दोबारा शुरू

**> वन विभाग से निर्माण को मिली मंजूरी**

**अमरावती.**



भारत का पहला और दुनिया का तीसरा स्काई वॉक अमरावती जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चिखलदरा में बनाया जा रहा है। ये स्काईवॉक हरिकेन प्वाइंट से गोराघाट प्वाइंट तक 500 मीटर लंबा होगा। ये प्रोजेक्ट 2019 से वन विभाग की अनुमति नहीं मिलने के कारण अटका हुआ था, लेकिन अब इसके निर्माण कार्य को फिर से गति मिल गई है। इस स्काय वॉक की मजबूती के लिए कुल 18 स्टील केबल्स लगाई जाएंगी। वर्तमान में एक तार लगाई जा चुकी है और शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस स्काय वॉक के निर्माण से चिखलदरा में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और ये एडवेंचर प्रेमियों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा। अमरावती जिले का चिखलदरा पर्यटन स्थल अपनी सुंदर घाटियों, हरियाली और ठंडी जलवायु के लिए जाना जाता है। यहां हर साल हजारों पर्यटक आते हैं और प्रकृति के बीच अपनों के साथ क्वालिटी टाइम बिताते है। ऐसे पर्यटकों के लिए स्काय वॉक के शुरू होने से चिखलदरा और अधिक आकर्षक बनेगा। प्रशासन इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने की योजना बना रहा है, जिससे पर्यटक इस रोमांचकारी अनुभव का आनंद ले सकें।

# नगरपालिका चुनाव में देरी से भावी पार्षदों की आर्थिक स्थिति बिगड़ी

## > जनप्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी से शहर के विकास कार्य प्रभावित

**हिंगनघाट.**




नगरपालिका चुनाव की प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी ने भावी पार्षदों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। चुनाव की तारीख तय न होने से उम्मीदवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मतदाताओं को खुश करने के लिए वार्डों में बैनर, प्रचार, सामाजिक कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों पर बड़ी मात्रा में खर्च किया गया, लेकिन चुनाव टलते रहने से कई उम्मीदवारों का बजट गड़बड़ा गया है।

शहर में यह साफ देखा जा सकता है कि कई इच्छुक उम्मीदवार अब पीछे हट रहे हैं क्योंकि लंबे समय से चल रही चुनावी अनिश्चितता ने उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है। पहले यह उम्मीद की जा रही थी कि नगर परिषद के चुनाव लोकसभा या विधानसभा चुनाव के बाद होंगे, लेकिन तारीख दर तारीख टलने से भावी पार्षदों में निराशा बढ़ रही है। पिछले तीन वर्षों से नगर परिषद चुनाव की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवारों ने पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन चुनाव प्रक्रिया लंबी खिंचने से उनका जोश ठंडा पड़ने लगा है। अब स्थिति यह है कि 28 फरवरी को अदालत के फैसले के बाद ही चुनाव की तस्वीर साफ हो पाएगी। गौरतलब है कि नगर निगम के पदाधिकारियों का कार्यकाल 2022 में समाप्त हो गया था। तब उम्मीद थी कि उसी वर्ष चुनाव होंगे और नए पार्षद चुन लिए जाएंगे, लेकिन आरक्षण और अन्य मुद्दों के कारण चुनाव लगातार टलते गए। प्रशासन ने पहले कहा कि दो महीने में चुनाव होंगे, फिर चार महीने, फिर छह महीने... इस तरह तीन साल बीत गए और अब भी चुनाव की कोई निश्चित तारीख नहीं है। यदि आने वाले दो महीनों में भी चुनाव नहीं होते हैं, तो नगर निगम चुनाव की प्रक्रिया और अधिक लंबी हो सकती है।

चुनाव में देरी का असर आम नागरिकों पर भी पड़ रहा है। नगर निगम से संबंधित कामों के लिए लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पहले जब पार्षद थे, तो फोन पर ही काम हो जाता था, लेकिन अब नागरिकों को खुद नगर निगम के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। शहर के कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, कई दिनों तक सफाई नहीं होती, नलों में पानी की आपूर्ति बाधित रहती है, और जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। इसके अलावा, आवारा पशुओं की समस्या भी बढ़ गई है, लेकिन इन समस्याओं को लेकर किससे शिकायत की जाए, यह नागरिकों के लिए बड़ा सवाल बन गया है।




**प्रशासक का रिकॉर्डतोड़ कार्यकाल, विकास कार्य ठप**

नगरपालिका चुनाव न होने की वजह से प्रशासक का कार्यकाल अब रिकॉर्डतोड़ लंबा हो चुका है, लेकिन विकास कार्यों पर इसका नकारात्मक असर पड़ा है। चूंकि कोई चुना हुआ जनप्रतिनिधि नहीं है, इसलिए विकास कार्यों के लिए सही तरीके से धनराशि का आवंटन नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में सिर्फ सड़कों और नालियों के निर्माण पर ही ध्यान दिया जा रहा है, जबकि अन्य विकास कार्य ठप पड़े हैं। जनता और भावी पार्षदों की ओर से लगातार मांग की जा रही है कि स्थानीय निकाय चुनाव जल्द से जल्द कराए जाएं। अब सबकी नजरें 28 फरवरी को अदालत के फैसले पर टिकी हैं, जिसके बाद ही यह तय होगा कि नगर परिषद के चुनाव कब होंगे।

## व्ही.के.आर.टी. व्हॉलीबॉल अकादमी के खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित

**वर्धा.**



व्ही.के.आर.टी. व्हॉलीबॉल अकादमी के खिलाड़ियों का चयन महाराष्ट्र राज्य स्तरीय 16 वर्ष से कम उम्र की सब ज्युनियर लड़के और लड़कियों की व्हॉलीबॉल स्पर्धा के लिए हुआ है, जो आंजी (मोठी), त. जि. वर्धा में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में विदर्भ केसरी सांसद रामदास तडस अकादमी और सृजन इंग्लिश मीडियम स्कूल, देवळी के विद्यार्थी अश्वति शास्त्रकार, जानवी पवार, सार्थक मनभे, नमन जगताप, और सुदर्शन पवार का अमरावती विभाग का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया है। देवळी के नागरिकों के लिए यह एक गर्व का विषय है, क्योंकि अमरावती विभाग से देवळी के खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी होगी। इस सफलता के पीछे शेखर गोल्हर, गोपाल सोनी और प्रशिक्षक सूरज कुमार डाखरे का मार्गदर्शन है। पूर्व सांसद रामदास तडस ने चयनित खिलाड़ियों का हार्दिक अभिनंदन किया और उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## एम.टी.डी. ढोमने प्रेजेंट रोटरी उत्सव 2025 की तैयारियां जोरों पर

**हिंगनघाट.**



हर वर्ष की तरह इस बार भी रोटरी क्लब द्वारा "एम.टी.डी. ढोमने प्रेजेंट रोटरी उत्सव 2025" का भव्य आयोजन टाका ग्राउंड पर होने जा रहा है। इस उत्सव की तैयारियां जोरों से शुरू हो चुकी हैं। आयोजन की व्यवस्थाएं इंजीनियर राम देशपांडे और रवि नल्लावार के प्लान के अनुसार बनाई जा रही हैं।

उत्सव सचिव मितेश जोशी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी डेकोरेशन और स्टॉल्स की आकर्षक व्यवस्था की जा रही है। साथ ही जल, बिजली, सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। स्टॉल और विज्ञापन बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। उत्सव अध्यक्ष पितांबर चंदानी ने बताया कि इस बार भी उत्सव में 100 से अधिक कमर्शियल स्टॉल, स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों के स्टॉल और मनोरंजन के लिए झूले लगाए जाएंगे। इनमें टोरटोरा, कोलंबस, जॉइंट व्हील, बोटिंग और कई नए झूले एवं गेम्स शामिल रहेंगे, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को आनंदित करेंगे। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक मुखी ने जानकारी दी कि हर वर्ष पांच दिनों में एक लाख से अधिक लोग इस उत्सव में शामिल होकर आनंद उठाते हैं। रोटरी उत्सव को सफल बनाने के लिए उत्सव सचिव मितेश जोशी, मंजूषा मुले, क्लब सचिव उदय शेंडे, सचिव सुभाष कटारिया, पूर्व अध्यक्ष मुकुंद मुंधड़ा, सुरेश चोधरी, प्रा. माया मिहानी, प्रा. अशोक बोंगीरवार, अशोक डालिया, शाकिर खान पठान, प्रा. जितेंद्र केदार, शशांक दिगंबर खांडरे, पंकज देशपांडे, केदार जोगलेकर, प्रभाकर साठवने, उदय भोकरे, प्रा. शंकर बोन्डे, स्वप्नील सांभरे और क्लब के अन्य सदस्य पूरी मेहनत और जोश के साथ कार्य कर रहे हैं। क्लब अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने बच्चों और परिवार के साथ रोटरी उत्सव 2025 का आनंद लेने जरूर आएं।

**इस दौरान स्टेज शो भी आयोजित किए जाएंगे :** पहले दो दिन – स्कूली बच्चों के नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे।

तीसरे दिन – मुरली लाहोटी द्वारा संचालित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा, जिसे विदर्भ मर्चेंट बैंक प्रस्तुत करेगा।

चौथे दिन – प्रशांत मोहता द्वारा एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पांचवें दिन – रोटरी परिवार द्वारा विशेष कार्यक्रम पेश किया जाएगा।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### डॉ. बाबूलाल गौतम

**हिंगनघाट.** तिलक वार्ड निवासी तथा वाठोडा के पुलिस पाटिल डॉ. बाबूलाल भैयालाल गौतम का 79 वर्ष की आयु में दुःखद निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, उनका अंतिम संस्कार वणा मोक्षधाम में किया गया।

# मैच के दौरान जाम न लगे इसलिए नागपुर पुलिस का फुलप्रूफ प्लान तैयार

## > शहर पुलिस ने बनाई रणनीति

**नागपुर.**

भारत-इंग्लैंड के बीच स्थानीय जामठा स्टेडियम में होने वाले एकदिवसीय क्रिकेट मैच के दौरान सुरक्षा और यातायात को लेकर तगड़ा बंदोबस्त तैनात करने की रणनीति पुलिस विभाग ने बनाई है। मंगलवार को पत्र-परिषद में यातायात विभाग के उपायुक्त अर्चित चांडक ने जाम से बचने के लिए क्रिकेट प्रेमियों को मेट्रो, बस का इस्तेमाल करने और मैच के दो घंटे पहले स्टेडियम में पहुंचने की सलाह दी है। भारी वाहनों को वर्धा रोड से समृद्धि मार्ग की ओर परिवर्तित किया जाएगा। हालांकि उसके बाद भी जाम लगने से इनकार नहीं किया जा सकता।




वर्धा रोड स्थित जामठा स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच का मुकाबला गुरुवार को होने वाला है। इस अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को देखने के लिए देश-विदेश से क्रिकेट प्रेमी आने वाले हैं। एहतियात के तौर पर शहर पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंगल ने सुरक्षा का तगड़ा बंदोबस्त किया है।

बम शोधक दस्ते की मदद से खिलाड़ी जिस होटल में ठहरे हैं उस होटल के अलावा वहां आने-जाने वाले वाहनों, मार्ग और स्टेडियम के चप्पे-चप्पे की खोजबीन श्वान पथक व मेटल डिटेक्टर की मदद से की जा रही है। संदिग्ध व्यक्ति को देखते ही हिरासत में लेने के आदेश दिए गए हैं।

### पार्किंग व्यवस्था इस तरह की गई है

- स्टेडियम पहुंचने के लिए वर्धा मार्ग के जामठा टी-प्वाइंट तक पहुंचें। पार्किंग स्थल पर यातायात पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गई है और पार्किंग से संबंधित सूचनाएं लगाई गई हैं।
- स्टेडियम के सामने बी, डी1 और डी 2 में कार पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पार्किंग ई और एफ में अतिरिक्त वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था है। मैच खत्म होने के बाद तय किए गए मार्ग से ही बाहर निकलें।
- स्टेडियम के बगल में ही पार्किंग सी है। वहां पर दोपहिया वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है। पार्किंग फुल होने पर पार्किंग एफ में अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था की गई है।
- 75 प्रतिशत पार्किंग बी, सी, डी 1 और डी 2 पूरी होने पर जामठा टी-प्वाइंट से वर्धा मार्ग पर दो पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जो कि पार्किंग ई और एफ है। यह स्टेडियम से करीब 1 किमी की दूरी पर है। टी-प्वाइंट के पास खुली जगह छोड़ी गई है, जिससे बसें टी-प्वाइंट से पार्किंग ई और एफ तक जाएंगी।
- मेट्रो से आने वाले लोगों के लिए खापरी स्टेशन से बसों की व्यवस्था स्टेडियम तक पहुंचने के लिए की गई है।
- विभाग के पांच टोइंग वाहन तैनात हैं। पार्किंग छोड़कर कहीं भी वाहन खड़े करने पर उन्हें टोइंग के जरिए हटाया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

# नेशनल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर्स डे का आयोजन

**नागपुर.**



नेशनल कॉलेज ऑफ फार्मेसी के द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा 25 जनवरी को प्रथम वर्ष बी. फार्म और डी. फार्म के छात्रों के लिए फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर साल नए प्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों में नई ऊर्जा का संचार होता है और उनके छिपे हुए गुणों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बाहर लाने का अवसर मिलता है। इस आयोजन में छात्रों से अपनी पहचान प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है, ताकि वे अपने व्यक्तित्व को सही तरीके से प्रस्तुत कर सकें और मंच पर आने की घबराहट को दूर कर सकें।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. रोशन ढोरे, निदेशक नारायण शैक्षणिक संस्था और डॉ. रवि कलसाईत, प्राचार्य के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण प्रा. बबिता दोडके, प्रा. हर्षा सोनटक्के, प्रा. समृद्धि खापरे, प्रा. जयश्री गोटे, प्रा. भाग्यश्री धकाते, रमा सहारे, शैक्षणिक स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। डॉ. रोशन ढोरे ने छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और आगामी शैक्षणिक वर्ष की योजनाओं के बारे में बताया। डॉ. रवि कलसाईत ने छात्रों का संस्थान में स्वागत किया और फार्मेसी शिक्षा के महत्व को बताया। कार्यक्रम की शुरुआत यशश्री अतकरे और अनुष्का कळमकर, बी. फार्म प्रथम वर्ष द्वारा की गई। इसके बाद, बी. फार्म और डी. फार्म प्रथम वर्ष के छात्रों को परिचय देने के लिए बुलाया गया और उनके बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मिस्टर और मिस फ्रेशर्स के चुनाव के लिए विभिन्न मानदंडों पर आधारित प्रतियोगिताएं हुईं। यशश्री अतकरे, अरमान गुप्ता (बी. फार्म प्रथम वर्ष) और अर्थवा बोरकर, करण पत्रे (डी. फार्म प्रथम वर्ष) को मिस और मिस्टर फ्रेशर्स के रूप में चुना गया।

इस आयोजन के लिए मंथन तिडके, शिवम महतो, दिपांशु उरकुडे, वंदन मेश्राम, गौरव गुढदे, श्रेया खंडाईतकर, प्रणव बखले, अभय ईश्वरकर ने कठिन परिश्रम किया। सभी छात्रों ने इस अवसर पर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और शिक्षकगण और सीनियर छात्रों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम के समापन पर मिस और मिस्टर फ्रेशर्स को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन मुस्कान शेख ने किया।

# बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड की घोषणा

**नागपुर.**

बजाज फिन्सर्व एएमसी ने एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड की शुरुआत की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉकों में निवेश किया जाएगा। इन्वेस्टर के लिए यह फंड फरवरी 6, 2025 से शुरू होकर फरवरी 20, 2025 को बंद होगा। बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड एक कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का अनुसरण करेगा जो बाज़ार की लोकप्रिय धारणाओं के विपरीत अप्रयुक्त और कम मूल्यांकित स्टॉकों को पहचानेगा। इस रणनीतिक दृष्टिकोण में कम समर्थित संपत्तियों की खरीद या लोकप्रिय स्टॉकों की बिक्री भी शामिल हो सकती है। फंड प्रबंधक आर्थिक और व्यवसाय चक्रों, अस्थायी व्यावसायिक अवरोधों, मूल्यांकन की अप्रभावशीलता, प्रतिवर्तनों और कम समर्थित विकास कारकों द्वारा प्रदत्त कम प्रभावशील मूल्यांकनों और निवेश अवसरों को पहचानने के लिए बाज़ार रुझानों और भावनाओं का अनुसरण करेंगे।

यह फंड लार्ज, मिड और स्मॉल कंपनियों में संतुलित रूप से निवेश करेगा जिससे एक विविध बेहतर पोर्ट्फोलीओ को बनाए रखा जा सके। इस अनुशासित निवेश दृष्टिकोण के माध्यम से यह मल्टी कैप फंड उन अवसरों से दीर्घकाल में बेहतरीन प्रतिफल प्राप्त करने का उद्देश्य रखता है जिन्हें दूसरे छोड़ सकते हैं।

यह फंड उन निवेशकों के लिए उचित है जो लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप के क्षेत्रों में विविध निवेश करने की इच्छा रखते हैं और अस्थिरता के समय में एक अच्छा निवेश अवसर तलाश कर रहे हैं। कांट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का पूर्ण सामर्थ्य प्राप्त करने के लिए निवेशकों को 5 वर्ष या उससे अधिक निवेश अवधि रखने की सलाह दी जाती है। यह योजना निफ्टी 500 मल्टीकैप 50:25:25 टीआरआई इंडेक्स (टीआरआई) के समक्ष बेंचमार्क की गई है।

इस नए फंड की शुरुआत के अवसर पर गणेश मोहन, बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कहते हैं, "बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड निवेशकों को उपेक्षित संपत्तियों में छुपे मूल्य को भुनाने का एक अद्वितीय अवसर देता है। यह आकर्षक मूल्यों पर अंतर्निहित मूल्य से नीचे उपलब्ध कंपनियों में निवेश करके एक कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का अनुसरण करता है, जो उनके व्यवसाय चक्र के दौरान सभी अवसरों से पूर्ण लाभ प्राप्त करते हुए बाज़ार के सभी क्षेत्रों में लाभ उठाने का लक्ष्य रखता है। मात्र प्रतिफल पर ध्यान देने के स्थान पर हम एक रणनीतिक सोच और अनुशासन के माध्यम से दीर्घकालिक पूँजी निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं"।

# मिडास कोचिंग संस्था ने धूमधाम से मनाई सरस्वती पूजा

**सौंसर.** जिले की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था मिडास में सरस्वती पूजा पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन में 2000 से अधिक छात्र एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। मिडास न केवल पढ़ाई में उत्कृष्टता प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर भी विशेष ध्यान देता है। इसीलिए, कोचिंग में पढ़ाई के साथ-साथ संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है, जिससे छात्रों का मनोबल बढ़े और वे मानसिक तनाव से मुक्त होकर अपनी पढ़ाई पर पूरी तरह केंद्रित रह सकें। सरस्वती पूजा का यह आयोजन दो दिनों तक चला। पहले दिन माँ सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की गई और भजन-कीर्तन के साथ पूजा-अर्चना की गई। अगले दिन हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसके बाद पूरे धूमधाम, ढोल-नगाड़ों और शोभायात्रा के साथ माँ सरस्वती की मूर्ति का नदी में विसर्जन किया गया।

# आरएसटी कैंसर अस्पताल ने प्रेरक कार्यक्रम के साथ विश्व कैंसर दिवस मनाया

**नागपुर.**

आरएसटी कैंसर अस्पताल ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक प्रेरक और जागरूकता से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के बारे में जन जागरूकता फैलाना और कैंसर से प्रभावित लोगों के लिए समर्थन दिखाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत एमएसबीईटी और तनिष्क नर्सिंग स्कूल के छात्रों द्वारा एक मार्मिक नाटक प्रदर्शन से हुई। इसके बाद, एक प्रतीकात्मक मानव श्रृंखला और रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, संगठनों के प्रतिनिधियों और अस्पताल के कर्मचारियों ने भाग लिया। इन गतिविधियों ने कैंसर के खिलाफ एकता और समर्पण का सशक्त संदेश दिया। मुख्य कार्यक्रम दादा विक्योमल श्राफ हॉल में आयोजित किया गया, जहां दीप प्रज्ज्वलन और तुकडोजी महाराज को माला पहनाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आरएसटी कैंसर अस्पताल के अतिरिक्त निदेशक डॉ. विकास धानोरकर ने स्वागत भाषण दिया और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। कैंसर रिलीफ सोसाइटी के उपाध्यक्ष सुनील केदार और डॉ. विकास महात्मे ने अपने प्रेरक भाषणों में कैंसर रोगियों के शीघ्र पहचान, रोकथाम और सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया।



नागपुर के संयुक्त पुलिस आयुक्त निसार तम्बोली ने कहा, "आज हम कैंसर के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। जल्दी पहचानने से जान बचाई जा सकती है, यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि वास्तविकता है।" कार्यक्रम में 5 कैंसर सर्वाइवर्स को सम्मानित किया गया और 2024 के लिए कैंसर रजिस्ट्री की वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई। इस अवसर पर कई प्रमुख संगठनों जैसे भारतीय चिकित्सा संघ नागपुर, एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज नागपुर, और लायंस क्लब ऑफ मेडिकोज के प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिन्होंने कैंसर से निपटने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. बी. के. शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम ने कैंसर के खिलाफ सामूहिक प्रयास और जागरूकता के महत्व को उजागर किया, और सभी उपस्थितों को प्रेरित किया कि वे कैंसर से संघर्ष में योगदान करें।

# बौध्द पारिवारिक परिचय सम्मेलन में आएंगे चार राज्यों से युवक-युवतियां

**सौंसर.** रविवार 9 फरवरी को सौसर में आयोजित पारिवारिक बौद्ध युवक युवति परिचय सम्मेलन में मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र, तेलंगाना के बौध्द युवक युवतियां शामिल होकर अपना जीवनसाथी चुनेंगे। कार्यक्रम आयोजन बौध्द नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति जन्मदाता डॉ अशोक भगत, मार्गदर्शन मुरलीधर कामले, अध्यक्ष मुकेश बागडे, उपाध्यक्ष राजेश बागड़े, सचिव मिलिंद बसोड़, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ सोमकुवर,ने बताया कि पिछले 23 वर्षों की तरह इस वर्ष भी रमाबाई अंबेडकर के जन्मदिवस के उपलक्ष में नगर के गजानन मंगल कार्यालय में 9 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे से निशुल्क पारिवारिक बौद्ध युवक युवति परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अब तक निशुल्क युवक युवतियों के 283 पजीयँन हो चुके है। परिचय सम्मेलन में महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश तेलंगाना आदि से युवक यूवतियों के द्वारा निशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। रविवार 9 फरवरी को सुबह 11 से पंजीयन, रमाई जन्मदिवस, प्रबोधन, परिचय सम्मेलन, बुकलेट का विमोचन, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 परिवारों का सत्कार, पारिवारिक चर्चा एवं भोजन कार्यक्रम किया जाएगा। समिति के डॉ वाय एल ठवरे, सीमा गेडाम, चंद्रप्रकाश रंगारे, युवराज दुफारे, दामोधर सहारे आदि प्रयासरत है।

# बसंत पंचमी पर आयोजित एक दिवसीय ध्यान शिविर संपन्न

**वाडी.**



समर्थ गुरु धारा के विदर्भ राज्य संयोजक आचार्य दिवाकर पाटने जी के मार्गदर्शन में रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन समर्थ गुरु धारा नागपुर द्वारा किया गया, जिसमें आचार्य दिवाकर पाटने, आचार्य हरिदर्शन और मां ज्योति ने शिविर का संचालन किया। शिविर में कई नए साधकों ने भाग लिया और ध्यान के विभिन्न प्रयोगों को समझते हुए ध्यान की महिमा और लाभ के बारे में जाना। आचार्य दिवाकर पाटने जी ने सभी नए साधकों को 7, 8 और 9 फरवरी 2025 को नागपुर में आयोजित होने वाले ध्यान योग शिविर की जानकारी दी और उन्हें इस शिविर में भाग लेने का निमंत्रण भी दिया। शिविर के सफल आयोजन में स्वामी मयंक, स्वामी माही, मयूरेश, चंद्रकांत जी, मां रूपाली, अश्विनी धवले और मालवी स्वर्णकार का विशेष योगदान रहा। साथ ही संस्था तुलसीबाग महल के समिति के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शिविर ने सभी उपस्थित साधकों को शांति और मानसिक संतुलन की ओर अग्रसर करने का मार्ग दिखाया।

# रिपाइं महासचिव डॉ. राजेंद्र गवई का जन्मदिन मनाया

**कामठी.**



डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की वैचारिक धरोहर को अपनाकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की कमान पूरे देशभर में संभाल रहे रिपाई के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राजेंद्र गवई के जन्मदिन के अवसर पर आज बुधवार 5 फरवरी के दिन जय स्तंभ चौक स्थित डॉ. बाबासाहब आंबेडकर पुतले को रिपाई जिला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर की अध्यक्षता में माल्यार्पण कर उनके दीर्घायु की कामना की गई। इस मौके पर डॉ. राजेंद्र गवई के चाहने वालों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर रिपाई के नागपुर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रा. प्रमोद चहान्दे, कामठी शहर अध्यक्ष प्रदीप वासनिक, रणजीत पाटील, मनोहर कनोजे, राजू गजभिए, राजू गायकवाड़, शैलेश मेश्राम, राजू खोब्रागड़े, पूर्व नगरसेवक संतोष यादव, अविनाश डहाट, सुरेंद्र गजभिए, सुभाष भौंडेकर, राजेश रामटेके आदि पदाधिकारी व सदस्य प्रमुखता से मौजूद रहें।

# विकास पथ पर अग्रसर विधानसभा

**सौंसर.** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम रोहना में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय विजय चौरे द्वारा विधायक निधि से प्रदत्त वार्ड नं 07 में चबूतरा निर्माण कार्य हेतु लागत राशि 1 लाख रुपए एवं शिव मंदिर के पास अतिरिक्त निर्माण कार्य हेतु लागत राशि 50 हजार रूपए तथा जनपद सदस्य भारती गणेश चौरे द्वारा जनपद पंचायत निधि से प्रदत्त 3 लाख रुपए की लागत राशि से बन रहे पुल निर्माण कार्य हेतु विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे, पुनाराम बाविस्टाले,डॉ. राजेंद्र येमदे, सुनील भांगे, जनपद सदस्य भारती गणेश चौरे, सरपंच सुकमी बोसम, प्रकाश हनवते, उमा पोपटे, गणेश चौरे, राजा बोडे, मोहन चरडे, राजू ठोसरे, किशना चरडे, पंढरी येलमूले, संजय डोईजड, शांताराम ठाकरे, एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# खंडेलवाल महिला मंडल कामठी-रणाला ने मनाई वसंत-पंचमी



**कामठी.** वसंत- पंचमी और खंडेलवाल दिवस का पर्व सोमवार 3 फरवरी को कामठी शहर एवं रणाला गांव की खंडेलवाल महिला मंडल ने गौशाला कामठी में धूमधाम से मनाई। इस मौके पर खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सोनल कायथवाल, उपाध्यक्ष नीता कायथवाल सहित अलका रावत, पल्लवी पाटोदिया, स्नेहा पाटोदिया, शारदा भुकमारिया, अंजलि भुकमारिया, पूजा भुकमारिया, सुशीला कायथवाल, मीनल कायथवाल, शांति बैद, शशि बैद, सोनिया मेठी और कीर्ति धोकरिया आदि महिलाएं प्रमुखता से उपस्थित रहीं।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 245-1 | 349-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 589-2 | 125-8 |
| प्रभात | 456-5 | 125-8 |
| प्रभात नाईट | 890-7 | |
| डायमंड | 456-5 | 490-3 |
| मेन बाजार | 270-9 | - |
| मिलन डे | 239-4 | 479-0 |
| मेन रतन | 360-9 | 169-6 |
| कल्याण | 280-0 | 239-4 |
| राजधानी डे | 470-1 | 590-4 |
| राजधानी नाईट | 100-1 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 235-0 | 234-9 |

# ए.जी. महाराष्ट्र ने छत्तीसगढ़ पर बड़ी जीत दर्ज की, ए.जी. गुजरात ने चौंका दिया



**नागपुर.**

भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग (आईएएंडएडी) पश्चिम क्षेत्र फुटबॉल टूर्नामेंट, 2025 में मेज़बान ए.जी. महाराष्ट्र ने ए.जी. छत्तीसगढ़ को 16-0 के बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस शानदार प्रदर्शन में ए.जी. महाराष्ट्र के सुमित पुंडीर ने अपनी हैट्रिक पूरी की और मैच में चार गोल किए। वहीं जाहिद अख्तर ने भी दोहरी हैट्रिक बनाई, और आकार धनु ने अंतिम समय में गोल करके टीम की जीत को पक्का किया।

मैच की शुरुआत में ही ए.जी. महाराष्ट्र के सुमित पुंडीर ने 9वें मिनट में गोल करके टीम को बढ़त दिलाई और इसके बाद लगातार गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। जाहिद अख्तर ने भी अपने खेल का लोहा मनवाया और कुल तीन गोल करके अपनी हैट्रिक बनाई। ए.जी. महाराष्ट्र की टीम ने पहले हाफ में ही 8-0 की बढ़त ले ली और दूसरे हाफ में इस बढ़त को और मजबूत किया। मैच के अंत तक ए.जी. महाराष्ट्र ने 16-0 से बड़ी जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मैच में ए.जी. गुजरात ने गत चैंपियन ए.जी. राजस्थान को 3-1 से हराकर चौंका दिया। पहले हाफ में ए.जी. राजस्थान को अजय सैनी के गोल से बढ़त मिली, लेकिन ए.जी. गुजरात ने दूसरे हाफ में वापसी की और सैयद पाशा के गोल से स्कोर 1-1 बराबर किया। फिर अंकित जावलकोटी और रोहन कच्छप ने गोल करके ए.जी. गुजरात को 3-1 से जीत दिलाई।

### सैयद पाशा को इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला

दिन के अंतिम मैच में ए.जी. गुजरात ने ए.जी. मध्य प्रदेश को 3-2 से हराया। सुरभ रावत ने 23वें मिनट में गोल करके ए.जी. मध्य प्रदेश को बढ़त दिलाई, लेकिन सैयद पाशा की हैट्रिक ने ए.जी. गुजरात को वापसी दिलाई। आखिरी मिनटों में सनी दास का गोल ए.जी. मध्य प्रदेश के लिए कुछ खास नहीं कर पाया। सैयद पाशा को फिर से प्लेयर ऑफ द मैच के रूप में सम्मानित किया गया। यह टूर्नामेंट 7 फरवरी 2025 तक शिवाजी स्टेडियम, नागपुर में आयोजित किया जाएगा।

# एंजेल लेडीज क्लब की ओर से संक्रांति हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन

**नागपुर.**



एंजेल लेडीज क्लब द्वारा आयोजित संक्रांति हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम क्लब की डायरेक्टर सविता आनंद असावा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें सभी के लिए प्रवेश मुफ्त रखा गया था।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में उर्वशी शंभरकर, बालाजी गारमेंट्स की प्रीति नगड़िया, स्माइल फ्यूचर की डायरेक्टर सलोनी मंडे, स्ट्रॉबेरी फार्महाउस की डायरेक्टर रेणु मोदी, ऑप्टिकल्स की डायरेक्टर प्रज्ञा मोदी, महा चाय की डायरेक्टर कीर्ति कुलकर्णी, स्क्रीन स्क्वायर क्लीनिक की डायरेक्टर आयशा भावन, एनजीओ की सुषमा कांबले और जूरी के रूप में आंचल जगताप व अपूर्व धाकुडकर मौजूद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खंडेलवाल ज्वैलर्स, आदित्य अनघा मल्टी कोऑपरेटिव सोसाइटी, बालाजी गारमेंट्स, गोपाल नमकीन, महा चाय, बीसीएन न्यूज़ और नागपुर मेट्रो समाचार मीडिया पार्टनर के रूप में सहयोगी बने। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें उखाणा कंपटीशन, किड्स फैशन शो, संक्रांति क्वीन फैशन शो, पतंग सजावट प्रतियोगिता, हवा दागिना प्रतियोगिता, और कुकिंग प्रतियोगिता शामिल थी। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं में सौ. कुसूम ताई, कु. निष्का, सौ. स्नेहल को घोषित किया गया। संक्रांति क्वीन का खिताब प्राजक्ता आयर ने जीता, किड्स कंपटीशन की विजेता काव्या आयर बनीं, पतंग सजावट प्रतियोगिता के विजेता लता भंडारकर और भारती घाटे रहे, और 'कल बात होगी ना' प्रतियोगिता की विजेता कोमल यादव रहीं। यह कार्यक्रम एक रंगारंग और यादगार आयोजन के रूप में समापन हुआ।